निकट सम्पर्क कायम रखा जाता है। इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए चोरियों और गाड़ियों के चलने में रुकावट डालने की अन्य घटनाओं के दुष्प्रभाव के सम्बन्ध में अखबारों में उपयुक्त विज्ञापनों, यात्रियों मे पर्चो कु वितरण, डिब्बों में और स्टेशनों पर अंग्रेज़ी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में इश्तहारों के प्रदर्शन और हवड़ा-खड़गपुर खण्ड पर उपनगरी स्टेशनों के सिनेमाघरों मे स्लाइड दिखालाने के माध्यम से प्रचार की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा रेल प्रशासन की प्रार्थना पर फिल्म डिवीज़न द्वारा तैयार किया गया एक न्यूज़रील जुलाई, 1966 से दिखलाया जा रहा है।

फ्लाइंग मेल के इंजन में खराबी

2760. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री रामेश्वरानन्द :
श्री रघुनाथ सिह :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 9 मई, 1966 के 'हिन्दुस्तान' में दिये गये समाचार के अनुसार जालंधर तथा लुधियाना स्टेशनों के बीच दिल्ली आ रही फ्लाइंग मेल का इंजन खराब हो गया था और इसके परिणामस्वरूप यातायात चार घंटे तक रुका रहा; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिह) : (क) जी हां। 8-5-66 को जालंधर छावनी और चिहेरू स्टेशनों के बीच 28 डाउन फ्लाइग मेल का इंजन खराब हो गया जिसके फलस्वरूप गाड़ी 3 घण्टे 24 मिनट तक रुकी रही।

(ख) इंजन की खराबी का कारण यह था कि दाईं ओर की ड्राइविंग क्रैंकपिन टूट गई थी।

बेलघरिया स्टेशन पर पटाखे

2761. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री रामेश्वरानन्द :
श्री रघुनाथ सिह :
श्री विश्वनाथ पाण्डेय :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 8 मई, 1966 को बेलघरिया स्टेशन पर कई पटाखे फटे जिसके परिणामस्वरूप दो रेलवे कुलियों और कुछ यात्रियों को चौट आई थी ;

(ख) यदि हां, तो इन विस्फोटों के क्या कारण थे; और

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्रालय में राज्य-मंत्री (डा० राम सुभग सिह): (क) से (ग). जी हां। सही स्थिति यह है कि 8-5-66 को बेलघरिया डाकघर के निकट संयुक्त वामपक्षी मोर्चे द्वारा 17 बजे से 20 बजे तक एक सभा का आयोजन किया गया था। उस सभा में श्री राम चटर्जी ने भाषण किया था। भाषण के बाद जब श्री चटर्जी और उनके अनुयायी बेलघरिया स्टेशन पर गाड़ी की प्रतीक्षा कर रहे थे तो कुछ अज्ञात बदमाशों ने अप मुख्य और डाउन उपनगरीय प्लेटफ़ार्म पर 8 पटाखे फेंके। विस्फोटों के कारण, डाउन उपनगरीय प्लेटफार्म पर प्रतीक्षा-रत एक भारिक की टांग में चोट आ गयी। उसे इलाज के लिए बी० आर० सिंह अस्पताल भेज दिया गया।

उसी स्टेशन के असबाब उठाने वाले एक और भारित को भी सीने में मामूली चोट आयी। उसे स्थानीय अस्पताल में

भेज दिया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। दो यात्रियों को भी मामूली चोट पहुंची।

पुलिस और रेलवे सुरक्षा दल के अफसर घटनास्थल पर पहुंच गये। इस सम्बन्ध में कार्यभारी अधिकारी, सरकारी रेलवे पुलिस, सियालदाह ने धारा 148/336 भारतीय दण्ड संहिता/6 (3) भारतीय विस्फोटक अधिनियम के अधीन मामला दर्ज किया। पश्चिम बंगाल के खुफ़िया विभाग ने छान-बीन के लिए मामले को अपने हाथ में ले लिया है और छानबीन की जा रही है। अभी तक एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है।

जापान को रुई का निर्यात

2762. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या **वाणिज्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने जापान को किये जाने वाले रुई के निर्यात में कमी कर दी है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि रुई के निर्यात में यह कमी इसके मूल्य में वृद्धि हो जाने के कारण की गई है ;

(ग) यदि हां, तो (एक) 1964-65 में और (दो) इस समय रुई के क्या दाम हैं; और

(घ) रुई का निर्यात बढ़ाने के लिए क्या कार्यवाही की गई है ?

वाणिज्य मन्त्री (श्री मनुभाई शाह) : (क) तथा (ख). 1965-66 में जापान को रुई के निर्यात में, 1964-65 की तुलना में कुछ कमी हुई है।

(ग) 1964-65 तथा 196-66 में निर्यात कीमतें निम्नलिखित थीं :—

रु० प्रति केण्डी

		1964-65	1965-66
बंगाल देशी (बढ़िया)	निम्नतम कीमत	715	715
	उच्चतम कीमत	980	930

सूचना: केण्डी=784 पौण्ड,

(घ) 1965-66 में जापान को भारतीय रुई के निर्यात में इतनी कमी नहीं हुई है कि इसके लिए विशेष निर्यात सम्बर्द्धन उपायों की आवश्यकता हो। बंगाल देशी रुई के मुक्त निर्यात की अनुमति जारी है।

भुसावल में रेल के डिब्बे में चोरी

2763. श्री रघुनाथ सिंह :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 18 मई, 1966 के 'वीर अर्जुन' में छपे समाचार के अनुसार रेलवे सुरक्षा दल ने मई, 1966 में भुसावल में एक रेल डिब्बे से चोरी करते हुए एक व्यक्ति को मार दिया था ;

(ख) क्या यह भी सच है कि रेलवे सुरक्षा दल ने चोरों के एक गिरोह का पीछा किया था ;

(ग) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये; और

(घ) मारा गया व्यक्ति किस जगह का था ?